दैनिक भास्कर बिलासपुर भास्कर 21-08-2025

भापात

# हाई कोर्ट के 48 कर्मचारी एजी-2 के पद पर प्रमोट

बिलासपुर | हाई कोर्ट ने रजिस्ट्री के 48 कर्मचारियों को पदोन्नत किया है। ये सभी कर्मचारी अब असिस्टेंट ग्रेड-2 के पद पर काम करेंगे। इसके लिए उन्हें वेतन मैट्रिक्स लेवल-6 (25,300–80,500) पर रखा गया है। प्रभारी रजिस्ट्रार जनरल मंसूर अहमद के हस्ताक्षर से जारी आदेश के अनुसार यह पदोन्नति ऑफिसिएटिंग कैपेसिटी यानी अस्थायी तौर पर की गई है। फिलहाल ये कर्मचारी आगामी दो वर्षों तक असिस्टेंट ग्रेड-2 के पद पर पदस्थ रहेंगे। अवधि पूरी होने के बाद उनके कार्य-प्रदर्शन के आधार पर आगे निर्णय लिया जाएगा। आदेश में निर्देश दिए गए हैं कि जिन कर्मचारियों का प्रमोशन हुआ है, वे अपनी वेतन निर्धारण संबंधी ऑप्शन फॉर्म एक माह के भीतर प्रस्तुत करें। ऐसा न करने पर तय समयसीमा के बाद इस सुविधा का लाभ नहीं मिल सकेगा।